भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1740
दिनांक 01 **अगस्त**, 2022

उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रीफिल

1740 **श्री मल्लिकार्जुन खरगे**:
श्री प्रमोद तिवारी:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पिछले वित्त वर्ष में, 3.59 करोड़ घरेलू एलपीजी ग्राहकों ने 2021-22 में अपने सिलेंडरों की रीफिल नहीं किया;
(ख) क्या यह भी सच है कि 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने अपने सिलेंडर को केवल एक बार ही रीफिल किया;
(ग) यदि हां, तो प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को राजसहायता प्राप्त सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराये जाने का क्या कारण है; और
(घ) विगत पांच वर्षों में पीएमयूवाई के ऐसे लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है जिन्होंने एक या उससे कम सिलेन्डर रीफिल किया, तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) और (ख): परिवारों द्वारा घरेलू एलपीजी की खपत खाने की आदतें, परिवार का आकार, खाना पकाने की आदतें, मूल्य, वैकल्पिक ईंधनों की उपलब्धता आदि जैसे अनेक घटकों पर निर्भर करती है। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 30.53 करोड़ घरेलू सक्रिय ग्राहकों में से 2.11 करोड़ घरेलू एलपीजी ग्राहकों ने कोई रिफिल नहीं ली थी जबकि 2.91 करोड़ घरेलू एलपीजी ग्राहकों ने केवल 1 रिफिल ली थी।

(ग): सरकार घरेलू एलपीजी के उपभोक्ता के लिए प्रभावी मूल्य को आवश्यकतानुसार घटाती बढ़ाती रहती है। यथा-स्वीकार्य राजसहायता पात्र लाभार्थियों के खाते में जमा की जाती है। इसके अलावा, सरकार ने दिनांक 21 मई 2022 से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) लाभार्थियों के लिए वर्ष 2022-23 हेतु प्रति वर्ष 12 रिफिल तक के लिए 200 रुपए प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलिंडर की निर्धारित राजसहायता की घोषणा की है।

(घ): पीएमयूवाई के पहले चरण के तहत उन एलपीजी लाभार्थियों के वर्षवार ब्यौरे निम्नानुसार हैं जिन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान एक रिफिल (स्थापना रिफिल सहित) ली है:-

वित्त वर्ष	**पीएमयूवाई के तहत उन ग्राहकों की संख्या जिन्होंने कोई रिफिल नहीं ली (करोड़ में)**	**पीएमयूवाई के तहत उन ग्राहकों की संख्या जिन्होंने केवल एक रिफिल (स्थापना रिफिल सहित) ली (करोड़ में)**
2017-18	0.46	1.19
2018-19	1.24	2.90
2019-20	1.41	1.83
2020-21	0.10	0.67
2021-22	0.92	1.08

स्रोत: ओएमसीज की तरफ से इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)

***